<u>**प्रैस विज्ञप्ति**</u>

भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला में आज दिनांक 02 जून 2022 को भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के आदेश के अनुपालन में **<u>आजादी के अमृत महोत्सव के तहत</u> <u>हर घर तिरंगा</u>** कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें संस्कृति मंत्रालय द्वारा भारत वर्ष के प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाना है जिससे कि देश के प्रत्येक नागरिक में देशप्रेम की भावना को जागृत किया जा सके । इसके अंतर्गत संस्थान के निदेशक डॉ एन. के. पाण्डेय की अध्यक्षता में सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री नरेश शर्मा द्वारा जागृत किया गया जिसमें श्री शर्मा जी द्वारा भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में विस्तार से बताया गया कि किस प्रकार भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को बनाया गया था और उसमें तीन रंगों व अशोक चक्र इत्यादि का क्या महत्व है और इसको सरकारी कार्यालयों व अपने घर पर फहराने के क्या तौर तरीके हैं ।